**खबर संक्षेप**

## निर्माणाधीन मकान में मिला शव,हत्या की आंशका

**मैहर।** मैहर के अमरपाटन नगर के वार्ड नंबर 2 में एक निर्माणाधीन मकान में मंगलवार को एक मजदूर बैजनाथ लोनी की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। बुधवार को पोस्टाामर्टम से पहले मृतक के शरीर पर काले निशान देखकर परिजनों के द्वारा हत्या या करं लगने की आशंका जताई गई और अस्पताल परिसर में विरोध प्रर्दशन किया गया। इस हंगामें के कारण करीब 22 घंटे बाद पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू हो पाई। प्राप्त जानकारी के अनुसार देवरी जगदीशपुर निवासी बैजनाथ लोनी 58 वर्ष मंगलवार दोपहर करीब 4 बजे सतना रोड स्थित एक नए मकान में पुताई का काम कर रहे थे इसी दौरान उनकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। माकान मालिक रामकिशोर पटेल के अनुसार बैजनाथ खाना खाने के बाद दीवार के सहारे बैठकर फोन पर बातकर रह थे और अचाानक अचेत हो गए जिन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

**परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप**

बताया जा रहा है कि बुधवार सुबह जब शव का पोस्टमार्टम होना था तब परिजनों ने बैजनाथ के शरीर पर संदिग्ध को निशान देखें।उसके बाद उन्होंने आरोप लगाया कि बैजनाथ की मौत सामान्य नहीं है बल्कि उन्हें बिजली का करंट लगा है। आक्रोशित परिजनों ने निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस को पोस्टमार्टम करने से रोका और एक ज्ञापन सौंपा।करीब दो घंटे की समझाइश के बाद परिजन शांत हुए और मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने पोस्टमार्टम के लिए डॉक्टरों की एक विशेष टीम गठित की गई और इस टीम की निगरानी में वीडियोग्राफी के साथ पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू की गई। इस पर थाना प्रभारी विजय सिंह परस्ते ने बताया है कि परिजनों ने हत्या का संदेह जताते हुए ज्ञापन दिया है जिस पर पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और उन्होंने स्पष्ट किया कि मौत की असली वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगी।

## घंटाघर क्षेत्र से बदमाशों ने डेढ़ लाख किये पार, सूने मकान से जेवरात चोरी

**कटनी।** कोतवाली थाना क्षेत्र घंटाघर चौराहे पर एक व्यक्ति के बैग से डेढ़ लाख रुपये पार कर दिए गए। वहीं माधवनगर की पॉश एसीसी कॉलोनी में एक सूने मकान को निशाना बनाकर सोने-चांदी के जेवरातों पर हाथ साफ कर दिया गया। जानकारी के अनुसार घंटाघर चौराहे पर कुठला थाना क्षेत्र के मझगवां फाटक निवासी नरेश चौधरी 40 वर्ष 1,50,000 रुपये लेकर किसी कार्यवश बाजार आए थे। दोपहर करीब 2:30 से शाम 6:30 बजे के बीच अज्ञात चोरों ने नजर बचाकर उनकी यह राशि पार कर दी। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। वहीं माधवनगर थाना क्षेत्र की न्यू एसीसी कॉलोनी में जी.सी. मोटवानी 70 वर्ष के सूने मकान का ताला तोड़कर चोरों ने घर के अंदर प्रवेश किया। पीड़ित के अनुसार चोर अलमारी में रखे सोने-चांदी के कीमती जेवरात समेट ले गए। घटना 11 और 12 अप्रैल की दरमियानी रात की बताई जा रही है, जब परिवार घर पर मौजूद नहीं था। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर धारा 331(4) और 305(ए) BNS के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है।

**मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल (एमपी बोर्ड) परीक्षा 2026 का रिजल्ट घोषित**

# एमपी बोर्ड रिजल्ट में मैहर-रामनगर-अमरपाटन के छात्रों का जलवा, टॉप-10 में बनाई जगह

**मैहर।**

मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल (एमपी बोर्ड) परीक्षा 2026 का रिजल्ट घोषित कर दिया गया है। एमपी बोर्ड 10 वीं और 12 वीं परीक्षा परिणाम में मैहर,रामनगर और अमरपाटन क्षेत्र के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश की टॉप 10 सूची में जगह बनाई है। इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है और विद्यार्थियों के परिजनों व शिक्षकों में उत्साह का माहौल है। जानकारी के अनुसार कक्षा 10वीं की परीक्षा में मैहर के स्नेही गांव की छात्रा श्रुति कुशवाहा ने 500 में से 492 अंक प्राप्त कर प्रदेश में 8 वां स्थान हासिल किया।





वह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैहर की छात्रा हैं। वहीं,मैहर के ही शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बडेरा के छात्र शिव साहू ने 491 अंक के साथ 9 वां स्थान प्राप्त किया। इसी तरह रामनगर के सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा दुर्गा पांडे ने भी 491अंक हासिल कर प्रदेश की मेरिट सूची में 9 वां स्थान पाया। उनके पिता विजय शंकर पांडे ग्राम पंचायत सचिव हैं। इसी तरह अमरपाटन के शासकीय हाई स्कूल की छात्रा कुमारी आंचल देवी कोल ने भी 491अंक प्राप्त कर 9वीं रैंक हासिल की।अमरपाटन थाना में पदस्थ रहे सहायक उपनिरीक्षक समरजीत कोल की पुत्री आंचल देवी कोल ने प्रदेश में 9 वी रैंक हासिल कर 98%अंक अर्जित किया है।

### कक्षा 12वीं का भी अच्छा रिजल्ट रहा

12वीं कक्षा में भी क्षेत्र के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। मैहर के रामगढ़ स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा शिवांशी गुप्ता ने 485 अंक प्राप्त कर प्रदेश में 7 वां स्थान हासिल किया। वहीं अमरपाटन के बाल भारती पब्लिक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा सुजला पटेल ने 484 अंक के साथ 8वां स्थान प्राप्त किया। वहीं,जनपद सदस्य नंदकिशोर सिह पटेल (नंदू भैया) की भांजी स्वेक्षा पटेल ने बोर्ड कक्षा 10 वीं परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 500 में से 470 अंक (94%) प्राप्त कर अपने स्कूल, गांव एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। स्वेक्षा पटेल,शिशु शिक्षा सदन हायर सेकंडरी स्कूल, अमरपाटन की छात्रा हैं तथा पिता राम लखन पटेल एवं माता रेखा पटेल की सुपुत्री हैं।

**मड़ला पुलिस द्वारा एक बुजुर्ग पूर्व अधिकारी के साथ किए गए दुर्व्यवहार**

## सेवानिवृत्त डीएसपी के साथ अभद्रता और एफआईआर के विरोध में पूर्व पुलिस अधिकारियों ने सौंपा ज्ञापन



**सतना।** सतना जिले के सेवानिवृत्त उप-पुलिस अधीक्षक संघ ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर पन्ना जिले की मड़ला पुलिस द्वारा एक बुजुर्ग पूर्व अधिकारी के साथ किए गए दुर्व्यवहार पर कड़ा आक्रोश जताया है। मामला 7 अप्रैल 2026 का है,जब 78 वर्षीय सेवानिवृत्त भरत सिंह चौहान अपनी पत्नी के साथ ग्वालियर जा रहे थे। ज्ञापन के अनुसार, मड़ला थाना क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान एक आरक्षक ने उनके साथ अभद्रता की। श्री चौहान के परिचय देने के बावजूद पुलिसकर्मियों ने उनके स्वास्थ्य और वरिष्ठता का सम्मान नहीं किया। विवाद बढ़ने पर मड़ला पुलिस ने कथित तौर पर 'पेशबंदी' करते हुए दंपति पर शासकीय कार्य में बाधा और आर्म्स एक्ट के तहत झूठा प्रकरण दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। सेवानिवृत्त अधिकारियों का कहना है कि श्री चौहान गंभीर बीमारियों से ग्रस्त हैं। उनकी पत्नी के पास लाइसेंसी हथियार था,जिसका उन्होंने कोई दुरुपयोग नहीं किया, फिर भी उन्हें कोर्ट में देरी से पेश किया गया ताकि उन्हें जमानत न मिल सके। मामले की निष्पक्ष जांच किसी स्वतंत्र एजेंसी या सीआईडी से कराई जाए। दोषी पुलिस कर्मियों और अधिकारियों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्यवाही हो। पूरे प्रदेश में सेवानिवृत्त राजपत्रित अधिकारियों के सम्मान और सुरक्षा हेतु स्पष्ट निर्देश जारी किए जाएं।

## मैहर आग बुझाने गए किसान की करंट लगने से मौत,खेत में हुआ दर्दनाक हादसा

**मैहर।** मैहर जिले के अमरपाटन क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नरवार में बुधवार को एक दर्दनाक हादसा सामने आया है,जहां खेत में लगी आग बुझाने के दौरान एक किसान की करंट लगने से मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार,नरवार कला निवासी हरीदीन कुशवाहा (45 वर्ष), पिता बाबूलाल कुशवाहा के गेहूं के खेत में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई थी। आग बुझाने के लिए किसान बोरिग पंप चालू करने खेत पहुंचा था। इसी दौरान स्टाटर के पास गिरी बिजली की तार के संपर्क में आने से उसे जोरदार करंट लग गया। करंट लगने से किसान खेत में ही गिर पड़ा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन उसे तुरंत सिविल अस्पताल अमरपाटन लेकर पहुंचे,जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।घटना देहात थाना क्षेत्र की बताई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस हादसे से गांव में शोक की लहर है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



**अवैध मादक पदार्थ की बिक्री पर मैहर पुलिस ने दर्ज किये 8 प्रकरण**

**नारकोटिक्स कोआर्डिनेशन की जिला स्तरीय समिति की बैठक**

## 4 लाख 55 हजार का गांजा और 1 लाख 96 हजार कीमत की पकड़ी कफ सिरप

**मैहर।** नारकोटिक्स एवं अन्य नशीली दवाओं के रोकथाम की दिशा में मैहर पुलिस ने 1 जनवरी 2026 से 14 अप्रैल 2026तक 4 लाख 55 हजार कीमत का 31 किलो 570 ग्राम गांजा और 1 लाख 96 हजार 360 मूल्य की 789 शीशियां नशीली कफ सिरप की जप्त कर 19 आरोपियों के विरूद्ध 8 प्रकरण दर्ज कर एनडीपीएस की कार्यवाही की है। इन प्रकरणों में गांजा के परिवहन में संलिप्त 8 लाख रूपये का एक चार पहिया वाहन तथा कोरेक्स के परिवहन में 9 लाख रूपये के दो चार पहिया वाहन भी जप्त किये गये। इस आशय की जानकारी बुधवार को कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट मैहर श्रीमती बिदिशा मुखर्जी की अध्यक्षता में संपन्न नाकार्ड की जिला स्तरीय समिति की बैठक में दी गई। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक मैहर अवधेश प्रताप सिंह,सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह,एसडीएम एसपी मिश्रा,डॉ.आरती सिंह,दिव्या पटेल, आरटीओ संजय श्रीवास्तव,जिला शिक्षा अधिकारी गिरीष अग्निहोत्री,डीपीसी विष्णु त्रिपाठी, उप संचालक सामाजिक न्याय राजीव सिंह,प्रभारी सिविल सर्जन जेएन पाण्डेय,सभी सीईओ जनपद सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर बिदिशा मुखर्जी ने कहा कि मादक पदार्थो के उपयोग पर सभी संबंधित विभाग के अधिकारी अपने स्तर से प्रभावी कार्यवाही करें।लोगों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराकर जन जागरूकता के लगातार कार्यक्रम करें। पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि नारकोटिक्स एवं अन्य नशीली दवाओं के रोकथाम के लिए पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने समिति में शामिल अधिकारियों से कहा कि मैदानी स्तर के कर्मचारियों को साथ लेकर सूचना तंत्र विकसित करें ताकि सूचनाओं के इनपुट के आधार पर कार्यवाही तत्काल हो सके। शिक्षा,उच्च शिक्षा और सामाजिक न्याय विभाग सभी शैक्षणिक संस्थानों में जागरूकता के कार्यक्रम नियमित रूप से करें। स्कूलों,कालेज सहित अन्य विभागों के सार्वजनिक कार्यक्रमों में नशा मुक्त भारत बनाने की शपथ जरूर ली जाये। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग और औषधि निरीक्षक को मेडीकल स्टोर एवं अन्य दुकानों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिये और कहा कि नींद और दर्द निवारक दवाओं का स्टाक विक्रय इन्ट्री जरूर चेक करें। उन्होंने कहा कि जमीन राजस्व विभाग की हो या वन विभाग की दोनों फसल सीजन में वेरीफिकेशन कराये और उसका प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराये। उन्होंने उप संचालक सामाजिक न्याय मैहर में नशा मुक्ति से संबंधित एक बडा कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिये।

# सूरज के तेवर हुए तीखेः 41.7 डिग्री के साथ 'तप' उठा सतना, सड़कों पर पसरा सन्नाटा

**सतना। विंध्य क्षेत्र में मौसम के मिजाज अब तेवर दिखाने लगे हैं। बुधवार को सतना जिले में गर्मी का 'रौद्र रूप' देखने को मिला,जहाँ सूरज की तपिश ने आम जनजीवन की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया है। सुबह की शुरुआत से ही आसमान से बरस रही आग ने लोगों को बेहाल कर दिया। आलम यह रहा कि दोपहर होते-होते शहर की व्यस्ततम सड़कों पर भी सन्नाटा पसर गया और लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गए।**

### पारे में उछालः रिकॉर्ड तोड़ गर्मी की आहट

मौसम विभाग से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार,बुधवार को सतना का अधिकतम तापमान 41.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया,जो इस सीजन के सबसे गर्म दिनों में से एक रहा। वहीं,न्यूनतम तापमान 22.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। दिन और रात के तापमान में बढ़ते अंतर के साथ-साथ उमस ने भी लोगों की मुश्किलें बढ़ाईं। हवा में नमी का स्तर 26/18 प्रतिशत रहा,जिससे शुष्क गर्मी और लू के थपेड़ों का अहसास अधिक हुआ।



### चुभने लगी सूरज की किरणें,बदला जनजीवन

बीते कुछ दिनों से तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी ने अब लोगों को चुभन का अहसास कराना शुरू कर दिया है। दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक सूरज की सीधी किरणें त्वचा को झुलसा रही हैं।इस भीषण गर्मी का सीधा असर बाजार और आवाजाही पर पड़ा है। शहर के मुख्य बाजार जैसे चौक बाजार, पन्नीलाल चौक और सिविल लाइन क्षेत्रों में दोपहर के वक्त सन्नाटा नजर आया।जरूरी काम होने पर ही लोग सिर पर गमछा,टोपी या दुपट्टा बांधकर बाहर निकलते दिखे।



### शीतल पेय की दुकानों पर उमड़ी भीड़

गर्मी से राहत पाने के लिए शहरवासी अब प्राकृतिक और ठंडे विकल्पों का सहारा ले रहे हैं। शहर के कोने-कोने में सजे जलजीरा,नींबू पानी,गन्ने का रस और नारियल पानी के ठेलों पर सुबह से ही भारी भीड़ देखी जा रही है। विशेषकर बर्फ के गोले और कुल्फी के ठेलों पर बच्चों और युवाओं का जमावड़ा लगा रहा। इसके साथ ही आइसक्रीम पार्लरों में भी ग्राहकों की संख्या में भारी इजाफा हुआ है। लोग डिहाइड्रेशन से बचने के लिए तरल पदार्थों का अधिक सेवन कर रहे हैं।

### डॉक्टरों की सलाहः रखें विशेष सावधानी

बढ़ते तापमान को देखते हुए स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने भी अलर्ट जारी किया है।जिला अस्पताल के चिकित्सकों का कहना है कि बिना किसी जरूरी काम के दोपहर की तेज धूप में बाहर न निकलें। शरीर में पानी की कमी न होने दें,पर्याप्त मात्रा में जल और ओआरएस का घोल लें। बासी भोजन से परहेज करें और हल्के रंग के सूती कपड़े पहनें। मौसम विभाग की मानें तो आने वाले कुछ दिनों में गर्मी के तेवर और भी सख्त हो सकते हैं।यदि उत्तर की ओर से आने वाली गर्म हवाओं का सिलसिला जारी रहा,तो पारा 43 डिग्री के पार भी जा सकता है। फिलहाल,सतना वासियों के लिए राहत के कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं और लू का खतरा बढ़ता जा रहा है।

## बस में छेड़छाड़ के आरोप में सहायक प्रोफेसर गिरफ्तार



**मैहर।** चलती बस में एक महिला के साथ कथित रूप से अश्लील हरकत करने के मामले में अमरपाटन कॉलेज के सहायक प्रोफेसर डॉ.आलोक सिन्हा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना की शिकायत मिलने के बाद अमरपाटन पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में लिया। पुलिस के अनुसार,आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पूछताछ के बाद प्रोफेसर आलोक सिन्हा को न्यायालय में पेश किया गया,जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजते हुए मैहर जेल भेज दिया गया।

## सकारात्मक सोच के साथ निरंतर प्रयास करते रहेः श्रीकांत

**मैहर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा में प्रदेश की प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने वाले जिले के सभी सफल विद्यार्थियों को मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने इस सफलता के लिए विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके माता-पिता एवं शिक्षकों के योगदान की भी सराहना की। विधायक श्री चतुर्वेदी ने कहा कि यह उपलब्धि पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है और इससे अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेग। उन्होंने सभी छात्रों से सकारात्मक सोच के साथ निरंतर प्रयास करते रहने की अपील की।

## कलेक्टर ने ली पहली टीएल बैठक, दिए सख्त निर्देश



**मैहर।** जिले की नवागत कलेक्टर श्रीमती बिदिशा मुखर्जी ने अपनी पहली टी एल बैठक में सबसे पहले जिले के अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया और विभागीय गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन,महत्वपूर्ण शासकीय योजनाओ-कार्यक्रमों सहित स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की। बैठक में अपर कलेक्टर सुश्री संजना जैन,जिला पंचायत सीईओ शैलेन्द्र सिंह,एसडीएम मैहर श्रीमती दिव्या पटेल,एसडीएम अमरपाटन श्रीमती आरती सिह सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट मैहर श्रीमती बिदिशा मुखर्जी की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक में पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह, सीईओ जिला पंचायत शैलेंद्र सिह,एसडीएम डॉ.आरती सिंह,श्रीमती दिव्या पटेल,एसपी मिश्रा,आरटीओ संजय श्रीवास्तव,कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण बीआर सिंह,ट्रैफिक प्रभारी विक्रम पाठक भी उपस्थित रहे।

### छात्रों,शिक्षकों को दी शुभकामनाएं

मैहर कलेक्टर श्रीमती बिदिशा मुखर्जी ने माध्यमिक शिक्षा मंडल की हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा में प्रदेश की प्रावीण्य सूची में जगह बनाने वाले जिले के सभी सफल विद्यार्थियों,उनके माता-पिता एवं शिक्षकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। असफल छात्रों को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि - "असफलता कोई अंत नहीं,बल्कि नई शुरुआत है। साहस और परिश्रम के साथ आगे बढ़ें,सफलता जरूर मिलेगी।

**खबर संक्षेप**



## सांदीपनि विद्यालय पवई के विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन, बढ़ाया मान

**पवई।** शासकीय संदीपनी उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पवई के विद्यार्थियों ने परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय, गुरुजनों एवं अपने परिवार का नाम रोशन किया है। कक्षा 10 की छात्रा प्राक्षी पटेल ने 97.8ः अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान हासिल किया। वहीं कक्षा 12 (गणित संकाय) से संजना लोधी ने 88.3ः, (कॉमर्स संकाय) से शैलेन्द्र सिंह ने 89ः तथा (कला संकाय) से सरस्वती कुशवाहा ने 90.4ः अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट सफलता अर्जित की। छात्रा प्राक्षी पटेल और संजना लोधी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों एवं माता-पिता को दिया। संस्था के प्राचार्य श्री आर.के. नागायच ने प्राक्षी पटेल को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगणकृश्री आर.के. श्रीवास्तव, श्री सुखसागर कुंवर, श्री सुनील रजक, श्रीमती आशा मिश्रा, श्रीमती संध्या पटेल, श्री महेन्द्र बागरी, श्री अमित कुमार गुप्ता, श्री मुकेश कुमार जायसवाल, श्रीमती गुलशन बानो, श्री अंकुर लटौरिया, श्री लक्ष्मी प्रसाद अहिरवार, श्री सुदीप त्रिपाठी, श्री मनेन्द्र बेलदार सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## बीच सड़क पर बने गड्ढे को कराया गया दुरूस्त, प्रमुख्ता से प्रकाशित की गयी थी खबर



**शाहनगर।** शाहनगर मुख्यालय के देवरी तिराहा पर बीचों -बीच रामरज बैल्डकॉन कंपनी की घटिया सडक निर्माण के चलते एक बडा गड्डा बन गया था जिससे निकलने वाले राहगीरों सहित बडे बाहनों को हमेशा खतरा बना रहता था पमुख्ता से 12 अप्रेल को खबर प्रकाशित करने पर पन्ना कलेक्टर श्री मति उषा परमार ने संज्ञान मे लिया जिसको तत्काल शाहनगर अनुविभागीय अधिकारी रामनिवास चौधरी को निर्देश दिये कलेक्टर के परिपालन में एस डीएम शाहनगर ने रामरज बैल्डकॉन कंपनी के एसडीओ एसएन त्रिपाठी को जमकर फटकार लगाते हुये गढ्डे को पूर्ण कराने के साथ साथ सुगरहा से खमतरा तक सडक पर जो गढ्ढे हो गये है उनको शीघ्र ही पूरे जाने के सख्त निर्देश दिये है। जिससे यातायात सुलभ हो सके।

# हाई स्कूल एवं हाय सेकेण्डरी परीक्षा परिणाम जिले का प्रदेश स्तर में हाईस्कूल में 28वां एवं हायर सकेण्डरी में 31वां नम्बर के पायदान पर

**पिछले वर्ष जहां 8 छात्र-छात्राओं ने प्रदेष स्तर की मैरिट सूची में स्थान हासिल किया था वहीं इस वर्ष 16 छात्र-छात्राओं ने जिले से प्रदेष स्तर की सूची में स्थान बनाया वहीं प्रतिभा सोलंकी ने पहला स्थान बनाकर जिले को किया गौरवांवितवहीं जिले में सरस्वती ज्ञान मंदिर गुनौर विद्यालय आज परीक्षा परिणाम से कहीं न कहीं अलग ही चर्चा में प्रतिभा सोलंकी प्रदेष में अव्वल तो वहीं 8 छात्रों के नाम इस स्कूल के और भी टॉप टेन की सूची में**



**पन्ना।** षिक्षा के क्षेत्र में परिणाम से ही प्रगति को लेकर जाना जाता है। जिले में षिक्षा की बेहतरी को लेकर जिला प्रषासन के मुखिया कलेक्टर ऊषा परमार के मार्गदर्षन में वहीं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उमराव सिंह मरावी की सोच के चलते षिक्षा को लेकर जिले में सतत जो प्रयास किये गये षिक्षकों को प्रेरित किया गया षिक्षा प्रदान करने के लिए तत्परता के साथ वहीं वह मेहनत षिक्षा विभाग की जो पूरे वर्ष की जाती है परिणाम में सामने आती हैं पन्ना जिले में यह दिन आज का खुषियो का दिन माना जा रहा है। कई जगह मान सम्मान व मिठाई खिलाकर छात्र-छात्राओं का हौसल अफजाई किया जा रहा है। पन्ना के लिए यह दिन हाई स्कूल परीक्षा परिणाम के लिए जहां प्रतिभा सोलंकी ने अपनी प्रतिभा के साथ-साथ जिले को गौरवांवित किया है प्रदेष स्तर की मैरिट सूची में पहला स्थान हासिल करके वहीं इस बार कक्षा दसवीं में 14 छात्र-छात्रायें तो वहीं 12वीं में दो बच्चों ने जिले से स्थान प्रदेष की मौरिट सूची में बनाया है उससे कहीं न कहीं जिले की षिक्षा की गुणवत्ता का आंकलन स्वतः ही परिणाम से जाना जा रहा है। वहीं पिछले वर्ष की परीक्षा परिणाम कक्षा 10वीं में 76.01 प्रतिषत जिले का वहीं इस वर्ष भी 75.78 प्रतिषत परिणाम तय हुआ निष्चिततौर पर जहां कहीं न कहीं हमें अभी भी षिक्षा की बेहतरी के लिये प्रयास को नकारा नहीं जा सकता वहीं राज्य स्तर की परीक्षा परिणाम में दो प्रतिषत की बढोत्तरी को लेकर जरूर जिले का आंक्कलन माना जा रहा है। जिस तरह से परीक्षा परिणाम से समूचे जिले के षिक्षा विभाग में आज खुषी का दिन क्योंकि प्रतिभा सोलंकी ने समूचे जिले को पूरे प्रदेष में जो अपनी प्रतिभा से चमक बिखेरी है वह निष्चिततौर पर पन्ना जिले के लिये एक इतिहास बन गया। इतना ही नहीं जिस तरह से अन्य छात्रों ने भी अपनी प्रतिभा परीक्षा परिणाम में साबित की है उसमें अर्जुन सिंह राजपूत पिता मंगल सिंह राजपूत जो तृतीय स्थान लेकर आये है वहीं चतुर्थ स्थान में भी प्रियंका यादव तथा उदाय मिश्रा ने हासिल किया है। छठवां स्थान भी जहां विधान त्रिपाठी वहीं इसी तरह छठवें स्थान में ही बराबरी हर्ष त्रि.पाठी ने की है सांतवा स्थान आयुष तिवारी शासकीय हाई स्कूल गुखौर आठवां स्थान नमन मिश्रा तथा आंठवा स्थान ही आदित्य सोनी ने शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल पहाड़ीखेरा से प्रदेष में जगह बनाई नौंवे स्थान को लेकर नमन शुक्ला शासकीय हाई स्कूल बड़ागांव नौवे स्थान में नेता प्रजापती ने भी बराबरी का मुकाबला हासिल किया है वहीं दसवें स्थान पर प्रिस सिंह राजपूत इसी तरह दसवां स्थान अमर सिंह लोधी नेषनल पब्लिक स्कूल पन्ना इसी तरह दसवां स्थान अवध बिहारी चौहान लूनिया विद्यालय शासकीय हाई स्कूल गुखौर इस तरह से इन छात्र-छात्राओं ने जिले को षिक्षा के क्षेत्र में प्रगति पथ के आयाम के रूप में जहां अपनी प्रतिभा से साबित किया है वहीं समूचे जिले में आज षिक्षा विभाग में जो हाई स्कूल व हायर सेकेण्ड्री परीक्षा परिणाम से षिक्षा की गुणवत्ता व प्रगति परिणाम से ही जानी गई। इसके पीछे जहां जिला प्रषासन की मुखिया कलेक्टर ऊषा परमार का मार्गदर्षन समय-समय पर प्राचार्यों व षिक्षकों को प्रेरणा देकर सतत षिक्षा प्रदान करने को लेकर जिस तरह से लक्ष्य हासिल करने के लिये जो प्रयास किये गये जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उमराव सिंह मरावी की सोच भी कहीं न कहीं महत्वपूर्ण मानी जा रही है वहीं षिक्षा विभाग के जिला षिक्षा अधिकारी के साथ-साथ समूचे षिक्षा विभाग के षिक्षकों व प्राचार्यों की मेहनत दृढइच्छा शक्ति से आज यह सफलता हाई स्कूल व हायर सेकेण्ड्री परिक्षा परिणामों से स्वमेव साबित। कलेक्टर श्रीमती ऊषा परमार ने प्रदेश की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों व उनके माता पिता एवं स्कूल शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरदी की छात्रा ने रचा इतिहास, प्रदेश टॉप-10 में बनाई जगह

**अजयगढ।** "प्रतिभा कभी भी सुविधाओं की मोहताज नहीं होती" इस कथन को साकार करते हुए पन्ना जिले के ग्रामीण अंचल की छात्रा कुमारी काजल द्विवेदी ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। ग्राम नयागांव, तहसील अजयगढ़ की निवासी और आर्थिक रूप से साधारण परिवार से आने वाली काजल, पिता श्री विजय द्विवेदी की सुपुत्री हैं। सीमित संसाधनो में यह मिसाल कायम की है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरदी, अजयगढ़ की कक्षा 12वीं की छात्रा काजल द्विवेदी ने मध्य प्रदेश बोर्ड परीक्षा परिणाम में प्रदेश की टॉप-10 सूची में आठवां स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने कुल 500 में से 482 अंक अर्जित कर विद्यालय, परिवार और पूरे जिले का नाम गौरवान्वित किया है। काजल की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार सहित अजयगढ़ तहसील और पूरे पन्ना जिले में खुशी की लहर है। काजल की सफलता पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री बी.डी. रजक ने विद्यालय पहुंचकर उन्हें सम्मानित किया और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। काजल द्विवेदी की इस प्रेरणादायक उपलब्धि पर उनके माता-पिता, शिक्षकगण और क्षेत्रवासियों ने उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी हैं। यह सफलता निश्चित रूप से अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी और यह संदेश देती है कि दृढ़ संकल्प और मेहनत से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।



# पन्ना धाम में 65वां दीक्षा ग्रहण समारोह भव्य रूप से संपन्न, गुरु परंपरा का हुआ विस्तृत वर्णन



### श्री तारतम महामंत्र दीक्षा ग्रहण स्मृति उत्सव

**पन्ना।** पावन धरा श्री 5 पद्मावती पुरी धाम, पन्ना (जागनी ब्रह्मांड का मूल मिलावा स्थल) में परम पूज्य परमहंस संत शिरोमणि हिंदू रत्न डॉ. श्री श्री 108 श्री सदानंद जी महाराज के सानिध्य में आयोजित 65वां दीक्षा ग्रहण समारोह दो दिवसीय भव्य एवं आध्यात्मिक वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह आयोजन पहली बार पन्ना धाम में संपन्न हुआ, जिससे यह श्रद्धालुओं के लिए ऐतिहासिक एवं पुण्यदायी अवसर बन गया। कार्यक्रम में देश के विभिन्न प्रांतों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए और धर्म लाभ लेकर स्वयं को धन्य किया। श्री ५ पद्मावतीपुरी धाम पन्ना के चारों मंदिर में हुए दिव्य आयोजन को भक्ति, श्रद्धा एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत कर दिया। मालूम हो की श्री मंगल धाम कालिमपोंग से परमहंस गुरुजी 108 श्री मंगल दास जी महाराज के आशीर्वाद से श्री राधिका धाम भिवानी हरियाणा से परमहंस गुरु जी श्री 108 राधिका दास जी महाराज ने ग्राम जूई भिवानी के बालक भानु को वर्ष 1961 में बैसाखी के पावन दिन 13 अप्रैल को श्री तारतम महामंत्र देकर उन्हें अपने शिष्य के रूप में स्वीकार किया। उसके बाद उनके परम शिष्य भानु ने शिक्षक के रूप में अपनी सेवाएं दी उसके पश्चात उन्होंने देश सेवाएं सैनिक के रूप में दी। उसके पश्चात परमहंस गुरुजी श्री मंगल दास जी महाराज ने उन्हें भैस धारण किया और वह भानु से सदानंद कहलाए। वक्ताओं ने बताया कि परमपूज्य श्री 108 मंगलदास जी महाराज के आशीर्वाद से निरंतर प्रवाहित हो रही है। इसी गुरु कृपा से परमहंस श्री सदानंद जी महाराज ने ज्ञान, भक्ति और सेवा का विस्तार करते हुए समाज को आध्यात्मिक मार्ग प्रदान किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से पन्ना धाम के विद्वान पंडित खेमराज जी शर्मा, पंडित योगेश पांडे, पुजारी दादा भाई, प्रिंस शर्मा विदुषी कमलाबंती शर्मा, कृष्णा शर्मा, मधु शर्मा, सीमा बंसल सहित अन्य विद्वानों द्वारा "निजनाम" मंत्र की महिमा पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि बिना निजनाम के समस्त शास्त्रों का अध्ययन भी अधूरा है। गुरु दीक्षा के माध्यम से ही साधक को सच्चे ज्ञान, भक्ति और मोक्ष का मार्ग प्राप्त होता है। इसी संदर्भ में एवं आत्मकल्याण के महत्व को भी विस्तार से समझाया गया। श्रद्धालुओं ने भारतीय संस्कृति की अनुपम छटा प्रस्तुत करते हुए पुरुषों ने धोती-कुर्ता एवं माताओं-बहनों ने साड़ी धारण कर सनातन परंपरा की सुंदर झलक दिखाई। यह आयोजन 12-13 अप्रैल 2026 (वैशाख मास कृष्ण पक्ष दशमी एवं एकादशी) को संपन्न हुआ। कार्यक्रम का सबक सफल संचालन कृष्ण कुमार शर्मा द्वारा किया गया। समारोह के अंत में आयोजक अमित सिंगल रावलवासिया भिवानी, विनोद तायल, कैलाश गर्ग, अशोक बंसल, अशोक प्रणामी, राकेश सीडाना द्वारा सभी विद्वानों, संतजनों, श्रद्धालुओं एवं सहयोगियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया गया। इस दिव्य आयोजन में सम्मिलित हुए।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 24 घण्टे के अंदर किया गया गिरफ्तार



**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में पन्ना पुलिस द्वारा अमानगंज थाना क्षेत्र में शादी का झाँसा देकर पीड़िता के साथ गलत काम (दुष्कर्म) करने वाले आरोपी को सूचना मिलने के 24 घण्टे के अंदर गिरफ्तार किया जाकर जेल भेजा गया है। मामले में दिनांक 13.04.2026 को फरियादिया द्वारा थाना अमानगंज में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि मेरे गाँव में रहने वाले एक व्यक्ति द्वारा करीब 06 वर्ष से लगातार मुझे शादी का झाँसा देकर मेरे साथ गलत काम (दुष्कर्म) किया गया है। फरियादिया की रिपोर्ट पर थाना अमानगंज में आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 192/26 धारा-69 बीएनएस कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया। मामले की जानकारी थाना प्रभारी अमानगंज उनि रवि सिंह जादौन द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई। महिला संबंधी अपराध की संवेदनशीलता को देखते पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उक्त मामले को गंभीरता से लिया गया। मामले में पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस गुनौर राजीव सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी अमानगंज उनि रवि सिंह जादौन के नेतृत्व में थाना स्तर पर एक पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशानुसार मामले के आरोपी की तलाश पतारसी हेतु संभावित प्रयास किये गये। साथ ही पुलिस टीम द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया जिसके फलस्वरूप पुलिस टीम द्वारा मामले के आरोपी को थाने में सूचना प्राप्त होने के 24 घण्टे के अंदर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

**सराहनीय योगदान-** उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी अमानगंज उप निरीक्षक रवि सिंह जादौन, उप निरीक्षक प्रियंका राजपूत, सउनि राघवेन्द्र प्रधान, प्रआर. शिवम शर्मा, म.प्रआर. जानकी, कल्पना,आरक्षक अखिलेश पाल एवं इन्द्रपाल यादव का सराहनीय योगदान रहा।

# "डॉ. भीमराव अंबेडकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व" विषय पर पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में व्याख्यान माला



**पन्ना।** शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना के प्रभारी प्राचार्य उत्कर्ष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि संस्था में दिनांक 15.04.2026 को में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर "डॉ. भीमराव अंबेडकर व्याख्यानमाला" का सफल आयोजन किया गया। इस व्याख्यानमाला का विषय "डॉ. भीमराव अंबेडकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व" रखा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वक्ता के रूप में सिद्धू सिंह, सहायक प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान), प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना ने उपस्थित होकर विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने अपने सारगर्भित एवं प्रेरणादायक व्याख्यान में डॉ. अंबेडकर के जीवन संघर्ष, सामाजिक न्याय के प्रति उनके योगदान तथा संविधान निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उनके उद्बोधन से विद्यार्थियों को प्रेरणा एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस अवसर पर संस्था की श्रीमती वर्षा प्रजापति ने डॉ. अंबेडकर के जीवन से प्रेरणा लेने एवं उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया तथा संस्था के अतिथि व्याख्याता जेएल सिद्धार्थ द्वारा अपने व्याख्यान मं डॉ अंबेडकर के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। संस्था के प्रभारी प्राचार्य उत्कर्ष कुमार श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में डॉ. अंबेडकर के राष्ट्रहित में किए गए अतुलनीय कार्यों को स्मरण करते हुए विद्यार्थियों को उनके विचारों को अपनाने के लिए प्रेरित किया तथा मुख्य वक्ता के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन अंशुमन रेले द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। इस अवसर पर संस्था के राकेश कुमार द्विवेदी, हरीश पाठक, श्रीमती सोनू गौंड, शिवम चौबे, सुनील कुमार सिंह तथा अतिथि व्याख्याता श्रीमती मोनिका गुप्ता, श्रीमति पूजा खरे, श्रीमती नीलोफर जहाँ, श्रीमती शायना, हरगोविंद, कौशल, संतोष, अमित, सुश्री यश्वरी, सुभाष, सुरेन्द्र तथा ओमप्रकाश, बुद्धसेन, जितेंद्र, सुनील एवं समस्त छात्र-छात्रा उपस्थित रहे तथा उन्होने डॉ. अंबेडकर के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

# शराब प्रिंट रेट से 17 प्रतिशत से 25 प्रतिशत अतिरिक्त चार्ज पर बेची जा रही है?



**पन्ना।** जनता को लूटने का अड्डा बना पन्ना जिले भर में शराब की बिक्री पर 17 परसेंट से लेकर 25 परसेंट तक अतिरिक्त चार्ज लगाकर शराब दुकानों से बिक रही है मदिरा ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने मे लगा विभाग जबकि मध्य प्रदेश शासन द्वारा मदिरा की बिक्री की रेट तय की जाती है यह बात पन्ना जिले में क्यों लागू नहीं है जबकि प्रिंट रेट से ऊपर बिक्री करने पर ठेकेदार के ऊपर कार्रवाई की धाराएं भी बनी हुई है परंतु ठेकेदार और विभागीय कर्मचारियो की मिली भगत से मदिरा सेवन करने वाले रोज लुट रहे हैं लगभग पूरे जिले से प्रतिदिन 300000 की अतिरिक्त वसूली जनता से की जा रही हैं। पहाड़ी खेड़ा से लेकर पन्ना तक और धार्मिक नगरी में तो शराब की बिक्री पर अतिरिक्त चार्ज प्लस करके बेची जा रही है नगर में खुलेआम बिक रही आबकारी विभाग मौन शराब माफिया चुस्त, मदिरा सेवन करने वाली जनता यह जरूर पूछती है कि यह अतिरिक्त चार्ज की राशि राजस्व में जाती है या विभाग को मिलती है या ठेकेदार की है और उन्हें ही लाभ मिलता है। जबकि आज 2 माह से लगातार खबरें प्रकाशित होती आ रही है। विभाग और सत्ताधारी नेताओं की अनदेखी के चलते प्रतिदिन शराब सेवन करने वाले लुट रहे हैं जिन्हें शराब के लिए प्रिंट रेट से 25ः अतिरिक्त चार्ज देना पड़ रहा है। अब देखना यह है की जिले के मुखिया इस और ध्यान देते हैं या जिस तरह से जनता लुटती आ रही है इसी तरह से लुटती रहेगी।

# हरदुआ बांध में यूवक डूबा 18 घंटे बाद शव बरामद



**शाहनगर।** शाहनगर थाना क्षेत्रान्तर्गत हरदुआ मैमारी के बांध में 14 अप्रेल की शाम को 24 वर्षीय युवक की डूबने की आशंका को लेकर परिजनों ने शाहनगर रिपोर्ट दर्ज कराई इसके बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुये शाहनगर नगर निरिक्षक परसुराम डाबर हमराह स्टॉप आरक्षक राकेश सिंह सहित ग्रामिणों की मदद से खोजबीन कराई गयी जहां बांध के किनारे म्रतक उदय भान सिंह पिता बासुदेव सिंह 24वर्ष निवासी हरदुआ मैमारी की चप्पल एवं एनरायड मोबायल जमीन पाये गये। परिजनों में म्रतक के बडे भाई लाखन सिंह ने बताया मेरा भाई 14अप्रेल को घर की भैंस चराने सरसा हार गया था शाम को जब वापस घर नहीं पहूचा तो पुलिस ने 15 अप्रेल की सुबह 6 बजे से बांध पर ग्रामिणों की मदद से सर्च आपरेशन चलाया और फिर पानी मे सभी घुसकर खोजते रहै बांध मे पानी ज्यादा था जहां घुसना संभव नहीं था। कांटा फैंका और फंस गयी लाश, जब तीन घंटे सर्च आपरेशन चलाया तो हताश होकर शाहनगर टीआई परशुराम डाबर ने लोहे की राडों से बना नुकिला कांटा मंगाया और रस्सी बांधकर गहरे 7फीट भरे पानी पर फेका गनीमत रही की काटा मे युवक की लाश फंस गयी और उसे ग्रामिणों की मदद से बाहर निकाला गया। म्रतक की लाश का पीएम शाहनगर बीएम ओ डॉ सर्वेश लोधी ने किया जहां पुलिस ने मर्ग कायम कर लाश परिजनों को सोंप दी।

### इनका कहना है-

हरदुआ गांव मे एक युवक की गुमशुदगी की रिपोर्ट परिजनों ने दर्ज कराई थी खोजबीन के दौरान आशंका पर बांध मे सर्च आपरेशन चलया और लाश कांटे मे फंस गयी जिसका पीएम कार्यवाही पश्चात परिजनों को सोंप दी गयी है पीएम रिपोर्ट आने के पशाचात ही कूछ कह पाना संभव है, आखिर मौत कैसे हुई।

**परसुराम डाबर, टीआई शाहनगर**

# प्रदेश की मेरिट सूची में 12वीं के 20 छात्रों एवं 10वीं के 19 छात्रों ने पाया स्थान, कलेक्टर ने शुभकामनाएं देकर किया किया सम्मान

### जिन बच्चों का परिणाम अच्छा नहीं रहा उन्हें निराश न होने एवं और अधिक मेहनत करने की कलेक्टर ने की अपील

माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम बुधवार को घोषित होने पर छतरपुर कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने प्रदेश की मेरिट सूची में जिले से 12वीं के 20 छात्रों एवं 10वीं के 19 छात्रों ने स्थान हासिल किया है। कलेक्टर जैसवाल ने छात्र छात्राओं, शिक्षकों एवं उनके पेरेंटस को शुभकामनाएं दी।

छतरपुर।

कलेक्टर पार्थ जायसवाल ने साथ ही जिन बच्चों का परिणाम अच्छा नहीं रहा उन्हें निराश न होने एवं और अधिक मेहनत करने की अपील की। छतरपुर जिले के प्रदेश की टॉप टेन सूची में 12वीं छात्र कक्षा 12वीं में प्रदेश की मेरिट टॉप टेन सूची में शासकीय उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 छतरपुर के आकाश अहिरवार ने पहला स्थान, मुस्कान रावत ने दूसरा, धीरेन्द्र सिंह बुंदेला और नीरज कुशवाहा ने चौथा, हर्ष रावत ने छटवां एवं शासकीय उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय रनगवां के पवन प्रजापति ने सातवां स्थान हासिल किया है। कक्षा 12 वीं का जिले का रिजल्ट 76.02 प्रतिशत रहा। जिसमें विगत वर्ष के अपेक्षा 11.37 प्रतिशत का सुधार हुआ है। प्रदेश की 10वीं कक्षा की छतरपुर जिले से मेरिट सूची में टॉप टेन में 19 छात्रों ने स्थान हासिल किया है। जिसमें शासकीय उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 छतरपुर से नमन पटेल ने चौथा स्थान, शासकीय विद्यालय करारागंज नौगांव से आयुषी तिवारी ने पांचवां, धौर्रा शासकीय गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल से निहारिका सेन ने और गढ़ीमलहरा शासकीय गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल से सुहाना चौरसिया व संजना राजपूत शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लवकुशनगर ने छटवां, प्रांशु पटेल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 छतरपुर, अंशिका द्विवेदी सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरपालपुर, अर्पणा गुप्ता ज्ञान भारती हाई स्कूल लवकुशनगर ने सातवां, दीक्षा चौबे सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नौगांव, ध्रुव सिंह पटेल ज्ञान भारती हाई स्कूल लवकुश नगर, आयुष कुमार पाल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गौरिहार ने आठवां और मनीष अहिरवार शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 छतरपुर, आरुष पटेल शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 छतरपुर, आशी त्रिवेदी ज्ञान भारती और चित्र माध्यमिक विद्यालय लवकुशनगर, अर्पित पटेल चंदेल हाई स्कूल सरवई ने नौवां, गुंजन जैन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घौर, अनुष्का दुबे लॉरेंस पब्लिक हाई स्कूल, इक्षा पटेल शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1, चेतना यादव शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 एवं आदर्श असाटी शासकीय सांदीपनि मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़ा मलहरा ने दसवां स्थान हासिल किया है। कक्षा 10वीं का जिले का रिजल्ट 69.20 प्रतिशत रहा। जिसमें विगत वर्ष के अपेक्षा 2.49 प्रतिशत का सुधार हुआ है।





### कु. अदिति दीक्षित ने 500 में से 401 अंक हासिल कर स्कूल का बढ़ाया मान सम्मान -

लवकुशनगर निवासी कु.अदिति दीक्षित ने 500 में से 401 अंक हासिल कर विद्यालय का मान-सम्मान बढ़ाया है। उनकी इस उत्कृष्ट उपलब्धि से न केवल स्कूल बल्कि परिवार और पूरे क्षेत्र का नाम भी गौरवान्वित हुआ है। अदिति की इस सफलता पर विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण एवं परिजनों ने खुशी व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उनका कहना है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और नियमित अध्ययन किया जाए, तो सफलता अवश्य मिलती है।

लवकुशनगर की कक्षा 10वीं की छात्रा कुमारी अदिति दीक्षित ने 80 प्रतिशत यानि 500/401 अंक प्राप्त किये है। अदिति दीक्षित के पिता देवेन्द्र कुमार दीक्षित पेशे से एडवोकेट हैं। अदिति की इस उपलब्धि से परिवार में हर्ष का माहौल है। विद्यालय परिवार ने उनकी सफलता पर हार्दिक बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की



### कक्षा दसवीं की छात्रा कु. माही पाठक ने गांव के सरकारी हाई स्कूल में पढ़कर किया टॉप -

अटकौहां गांव तहसील लवकुशनगर निवासी कु. माही पाठक पिता सतीष पाठक ने कक्षा दसवीं की छात्रा ने गांव के सरकारी हाईस्कूल में पढ़कर शानदार प्रदर्शन करते हुए टॉप किया। छात्रा ने 93 प्रतिशत यानि 500 में से 466 अंक हासिल कर विद्यालय का मान-सम्मान बढ़ाया है। सीमित संसाधनों के बावजूद उसकी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प ने यह साबित कर दिया कि सफलता के लिए परिस्थितियां नहीं, बल्कि प्रयास मायने रखते हैं। छात्रा की इस उपलब्धि से परिवार, शासकीय हाईस्कूल और पूरे गांव में खुशी का माहौल है। सभी ने उसे बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### नौगांव की 2 सगी बहनों ने प्रदेश के साथ परिवार व नगर का नाम किया रोशन -

नौगांव की दो सगी बहिनों ने 12 वीं बोर्ड परीक्षा मे होम साइंस मे प्रदेश की मेरिट सूची मे पहला और दूसरा स्थान पाया है ,दोनो सगी बहिनों को जैसे ही यह पता चला कि उन दोनो बहिनो ने प्रदेश मे टॉप किया है तो उनकी खुशी का ठिकाना नही रहा ,नौगांव की गर्ल्स स्कूल की दोनो सगी बहिनो ने पढ़ाई की है। बड़ी बहिन शाइस्ताह कुरेशी ने 12 वीं होम साइंस मे 500 मे 485 अंक वहीं छोटी बहिन शैवाह कुरैशी नै 479 अंक प्राप्त कर प्रदेश की मेरिट सूची मे पहला और दूसरा स्थान प्राप्त किया है। उनकी इस कामयाबी पर स्कूल के शिक्षकों ने भी बहिनों की इस कामयाबी पर बधाई दी ,वही कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने प्रदेश की मेरिट सूची मे आये सभी बच्चों को बधाई देते हुये उनके शिक्षकों की मेहनत पर शुभकामनाएं दी है। कलेक्टर के अनुसार इस साल पिछले साल की अपेक्षा ढाई प्रतिशत ज्यादा रिजल्ट जिले का आया है।

## खबर संक्षेप

### 33 केव्ही लाइन बनी काल, बंदर भगाते समय युवक की दर्दनाक मौत

**छतरपुर।** जिले के बमीठा थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहां 33 केवी विद्युत लाइन की चपेट में आने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान रिंकू रैकवार के रूप में हुई है, जो हाल ही में काम पर आया था।जानकारी के अनुसार, रिंकू रैकवार बंदरों को भगाने के लिए लोहे का पाइप लेकर गया था। इसी दौरान पाइप अचानक ऊपर से गुजर रही 33 केव्ही हाईटेंशन लाइन के संपर्क में आ गया, जिससे उसे जोरदार करंट लगा और वह गंभीर रूप से झुलस गया। हादसा इतना भयावह था कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिससे हादसे की भयावहता का अंदाजा लगाया जा सकता है। बताया जा रहा है कि मृतक युवक मात्र 5 दिन पहले ही काम पर आया था। घटना की सूचना मिलते ही बमीठा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### महिला से छेड़छाड़ का आरोप, पति पर उल्टा केस दर्ज

**छतरपुर।** जिले के बकस्वाहा थाना क्षेत्र के ग्राम मछन्दरी में एक महिला के साथ छेड़छाड़, गाली-गलौच और मारपीट का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता महिला ने गांव के ही कुंजबिहारी साहू, पुत्र बालचंद्र साहू, निवासी धर्मपुरा पर आरोप लगाया है कि 12 अप्रैल को आरोपी ने उसके साथ छेड़छाड़ की और विरोध करने पर कपड़े खींचे, गाली-गलौच की तथा जान से मारने की धमकी दी।पीड़िता के अनुसार, वह उस दिन अपने खेत पर बने मकान के पास बैठी हुई थी। तभी आरोपी कुंजबिहारी साहू वहां पहुंचा और पहले पानी व मठा मांगने के बाद अचानक उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। जब महिला ने विरोध किया तो आरोपी ने उसके कपड़े खींचे, अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया और मारने की धमकी दी। महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद आरोपी भाग निकला।महिला ने घटना की शिकायत लेकर बकस्वाहा थाने पहुंची, लेकिन पुलिस ने उसके आरोप के अनुसार छेड़छाड़ संबंधी धाराएं नहीं जोड़ीं। इसके बजाय उल्टा उसके पति के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया। पीड़िता परिवार का आरोप है कि आरोपी ने अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर पुलिस को प्रभावित किया और सही धाराएं जोडऩे से बचाया गया। इस अन्याय से तंग आकर पीड़ित परिवार अब न्याय की गुहार लेकर जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा है। परिवार ने एसपी से निष्पक्ष जांच कराने और महिला के शिकायत के अनुसार उचित धाराएं जोड़कर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

### 120 विद्युत उपभोक्ताओं से वसूले सवा 4 लाख, कैंप लगाकर वसूली

**बिजावर।** विद्युत संभाग अंतर्गत विद्युत बकायदार उपभोक्ताओं के घर-घर जाकर बिजली विभाग बिल की राशि वसूल रहा है। महत्वपूर्ण है कि ग्रामीण क्षेत्र में बेहद कम बिल आने के बावजूद लोग बिल की राशि देने में आना कानी कर रहे हैं। विद्युत विभाग द्वारा बकाया वसूली को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में क्षेत्र में कैंप लगाकर उपभोक्ताओं से बकाया बिजली बिल की वसूली की जा रही है।इस दौरान 120 उपभोक्ताओं से करीब सवा 4 लाख रुपये की वसूली की गई। कार्यपालन अभियंता सर्वेश शुक्ला ने बताया कि गांव-गांव और घर-घर जाकर विद्युत बकायदारों से बिल की वसूली की जा रही है उन्होंने यह भी बताया कि विभाग की चेतावनी के बावजूद बिल जमा न करने वाले उपभोक्ताओं पर कड़ी कार्रवाई भी की। शत-प्रतिशत बकायेदारों वाले क्षेत्र की बिजली सप्लाई अस्थायी रूप से बंद कर दी गई जिससे अन्य उपभोक्ताओं में भी जागरूकता देखने को मिले। श्री शुक्ल के मुताबिक 115 कनेक्शनधारियों पर करीब साढ़े 5 लाख रुपये का बकाया था।

# एक ही काउंटर और सर्वर डाउन से लंबी कतारें बैंक प्रबंधन ने बढ़ाए जाने का आश्वासन दिया



### अमरनाथ यात्रा के रजिस्ट्रेशन में श्रद्धालुओं को हो रही परेशानी

छतरपुर।

श्री अमरनाथ यात्रा 2026 के लिए आज 15 अप्रैल से अग्रिम पंजीकरण शुरू हो गया है। पंजाब नेशनल बैंक की छतरपुर शाखा में रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था की गई है, लेकिन अपर्याप्त व्यवस्था के कारण श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बैंक में केवल एक काउंटर पर रजिस्ट्रेशन हो रहा है, जिससे सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जमा हो गई है। लंबी कतारें लग रही हैं और कई घंटों तक इंतजार करने के बावजूद लोगों का नंबर नहीं आ पा रहा है। कुछ श्रद्धालु सुबह से शाम तक बैंक परिसर में खड़े रहे, लेकिन रजिस्ट्रेशन नहीं करा सके।

श्रद्धालुओं ने बताया कि पंजीकरण प्रक्रिया बेहद धीमी चल रही है। सर्वर डाउन होने और तकनीकी समस्या के कारण बार-बार व्यवधान आ रहा है। एक श्रद्धालु ने कहा, हम बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए उत्सुक हैं, लेकिन यहां एक काउंटर पर इतनी भीड़ में रजिस्ट्रेशन कराना मुश्किल हो गया है।

बैंक प्रबंधन ने श्रद्धालुओं की परेशानी को स्वीकार करते हुए कहा कि जल्द ही अतिरिक्त काउंटर बढ़ाए जाएंगे। प्रबंधन का कहना है कि शुरुआती दिन होने के कारण सर्वर पर लोड बढऩे से समस्या आई है, जिसे शीघ्र दूर कर लिया जाएगा। श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड के अनुसार, इस वर्ष यात्रा 3 जुलाई से 28 अगस्त तक चलेगी।



# नौगांव का राजा यादवेंद्र सिंह स्टेडियम जल्द नाइट क्रिकेट का गवाह बनेगा

नौगांव/छतरपुर।

खेल प्रेमियों के लिए खुशखबरी है। नौगांव स्थित राजा यादवेंद्र सिंह स्टेडियम में आधुनिक फ्लड लाइट लगाने का कार्य तेजी से चल रहा है। इस प्रोजेक्ट के पूरा होने के बाद स्टेडियम दूधिया रोशनी में नहाएगा और यहां नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन शुरू हो सकेगा।

करीब 70 लाख रुपये की लागत से हो रहे इस विकास कार्य के तहत स्टेडियम में चार ऊंचे पोल खड़े किए जा रहे हैं। इन पोलों पर लगभग 500 वॉट की 160 आधुनिक फ्लड लाइटें लगाई जाएंगी। कानपुर की एक कंपनी द्वारा इस कार्य को अंजाम दिया जा रहा है। विशेष मशीनों और कुशल कारीगरों की मदद से काम चल रहा है। सूत्रों के अनुसार लगभग सभी पोल खड़े हो चुके हैं और एक-दो दिन में लाइटों की टेस्टिंग शुरू हो जाएगी।

क्षेत्रीय विधायक कामाख्या प्रताप सिंह ने बताया कि फ्लड लाइट लगने के बाद स्टेडियम में शीघ्र ही नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित किया जाएगा, जिससे क्षेत्र में खेल गतिविधियों को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि स्टेडियम के विकास के लिए कई और योजनाएं भी तैयार की गई हैं। लगभग 50 लाख रुपये की लागत से नया पवेलियन बनाने की राशि स्वीकृत हो चुकी है। भविष्य में महिला स्टैंड, वीआईपी स्टैंड और पत्रकार स्टैंड जैसी आधुनिक सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी।



# पीड़ित पक्ष पहुंचा एसपी कार्यालय, आरोपियों की गिरफ्तारी व कड़ी कार्रवाई की मांग

छतरपुर।

जिले के ईशानगर थाना क्षेत्र के सीगोंन गांव में शनिवार रात एक किसान पर जानलेवा हमले के मामले में पीड़ित पक्ष बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा और आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी तथा कड़ी कार्रवाई की मांग की।

मामले के अनुसार, सीगोंन गांव निवासी रामकुमार प्रजापति उर्फ रामकृपाल प्रजापति शनिवार रात करीब 10:30 बजे खेत स्थित कुएं पर बने मकान की ओर जा रहे थे। इसी दौरान दीदौल गांव के आसाराम कुशवाहा और आशु कुशवाहा ने उन्हें रास्ते में रोक लिया और गाली-गलौज शुरू कर दी। विवाद बढऩे पर दोनों आरोपियों ने कुल्हाड़ी और डंडों से पीड़ित पर हमला बोल दिया। हमले में रामकुमार प्रजापति के सिर और माथे पर गंभीर चोटें आईं और वे बेहोश हो गए। घटना के बाद पीड़ित की पत्नी दीपा प्रजापति और अन्य परिजनों ने उन्हें जिला अस्पताल छतरपुर पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पीड़ित पक्ष ने एसपी को बताया कि पुलिस ने आरोपियों को छोड़ दिया है और अब वे लगातार परिवार को धमकियां दे रहे हैं। परिजनों ने एसपी से मांग की कि आरोपियों पर सख्त धाराएं लगाकर उनकी तुरंत गिरफ्तारी की जाए और मामले में निष्पक्ष व तेज कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### 3 साल से स्थापना का इंतजार कर रही डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा

**बकस्वाहा।** नगर परिषद बकस्वाहा परिसर में रखी डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पिछले करीब 3 वर्षों से स्थापना का इंतजार कर रही है। हैरानी की बात यह है कि प्रतिमा अब तक कपड़े से ढकी हुई है, और उसे ढकने वाला कपड़ा भी समय के साथ खराब होकर गिरने लगा है, लेकिन इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों का इस ओर कोई ध्यान नहीं जा रहा।जानकारी के अनुसार, विधानसभा चुनाव से पहले नगर परिषद द्वारा प्रतिमा को स्थापित करने के उद्देश्य से मंगवाया गया था। उस समय इसे जल्द ही स्थापित करने के दावे भी किए गए थे।

# केन-बेतवा लिंक परियोजना के 14 ग्रामों में ग्रामवासियों की आपत्तियों पर कलेक्टर ने गठित किया विशेष दल

### विशेष दलों द्वारा जाँच कर 7 दिन में रिपोर्ट करेंगे प्रस्तुत

छतरपुर।

जिले में चल रही राष्ट्रीय महत्व की केन-बेतवा लिंक परियोजना के अंतर्गत परियोजना से प्रभावित 14 गांवों में वितरित मुआवजा राशि को लेकर ग्रामीणों द्वारा दर्ज कराई गई विसंगतियों के संबंध में प्रस्तुत आपत्तियों की जांच करने एवं पुनर्वास हेतु प्राप्त अतिरिक्त आवेदनों के संबंध में पात्रता की जांच कर प्रस्ताव प्रस्तुत करने विशेष जाँच दलों का गठन किया गया है, जिन्हें अभियान स्वरूप काम करते हुए आगामी 7 दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट और प्रस्ताव सौंपने के आदेश दिए गए हैं।

प्रशासन ने प्रत्येक प्रभावित ग्रामों के लिए प्रभारी अधिकारियों और सर्वेदल की संयुक्त टीमें तैनात की हैं। जिसमें ग्राम ढौडऩ में प्रभारी अधिकारी गोपाल शरण पटेल (एसडीएम नौगांव) एवं दिनेश दीक्षित (डीपीओ महिला बाल विकास), सर्वेदल विजय चौधरी (तहसीलदार महाराजपुर) एवं अपेक्षा द्विवेदी (उपयंत्री जल संसाधन), तहसील महाराजपुर पटवारी एवं लाईजनिंग हेतु चन्द्रप्रकाश पटेल पटवारी(तहसील सटई), खरयानी में बलवीर रमण (एसडीएम गौरीहार) एवं अरुण शंकर पाण्डेय (डीपीसी), सर्वेदल शरद कुमार भट्ट (नायब तहसीलदार) एवं आर.के. अहिरवार (उपयंत्री), पटवारी तहसील सरवई एवं लाईजनिंग हेतु राजकुमार सेन पटवारी (सटई), पलकौहां में बलवीर रमण (एसडीएम गौरीहार) एवं सीताराम कोठारे (डीएसओ) एवं सर्वेदल नारायण कोरी (तहसीलदार) एवं रिया दास (एसडीओ जल संसाधन), पटवारी तहसील गौरीहार एवं लाईजनिंग हेतु प्रशांत तिवारी पटवारी (सटई), सुकवाहा में गोपाल शरण पटेल (एसडीएम नौगांव) एवं सलिल सिंह (ईई पीएचई) एवं सर्वेदल रमेश कोल (तहसीलदार) एवं राहुल श्रीवास्तव (उपयंत्री), पटवारी तहसील नौगांव, एवं लाईजनिंग हेतु पारस अहिरवार (बिजावर), कदवारा में आयुष जैन (एसडीएम बड़ामलहरा) एवं नितिन वर्मा (एडी फिशरी), सर्वेदल दुर्गेश तिवारी (तहसीलदार) एवं अभिनव वर्मा (उपयंत्री), पटवारी तहसील छतरपुर एवं लाईजनिंग हेतु रोहित संसिया पटवारी, पाठापुर एवं डुगरिया में एसडीएम आयुष जैन, अशोक जैसवानी उपसंचालक पशुपालन एवं सर्वेदल शिवम दीक्षित नायब तहसीलदार, अभिनव वर्मा उपयंत्री, पटवारी तहसील घुवारा एवं लाईजनिंग हेतु अरविन्द्र पटेल पटवारी, नैगुवां एवं ककरा में एसडीएम आयुष जैन, डीओटीडब्ल्यू मनोज अहिरवार एवं सर्वेदल रंजना यादव तहसीलदार, पटवारी तहसील बड़ामलहरा एवं लाईजनिंग हेतु भूपल अहिरवार पटवारी, घुघरी एवं भौरखुवां में एसडीएम जीएस पटेल, डीपीएम श्याम गौतम एवं सर्वेदल कमल किशोर शर्मा तहसीलदार, प्रिंस वर्मा उपयंत्री, पटवारी तहसील लवकुशनगर एवं लाईजनिंग हेतु पटवारी हरिदास अहिरवार, सहपुरा एवं कुपी में एसडीएम विशा माधवानी, ईई पीडब्ल्यूडी आशीष भारती एवं सर्वेदल तहसीलदार दिनेश कुमार खटीक, उपयंत्री पूजा वर्मा, पटवारी तहसील चंदला एवं लाईजनिंग हेतु पटवारी जीतेन्द्र अनुरागी, बसुधा में एसडीएम विशा माधवानी, एडी हॉर्टीकल्चर एसपी अहिरवार एवं सर्वेदल तहसीलदार विसम्बर मरावी, उपयंत्री अनिल अनुरागी, पटवारी तहसील बडामलहरा एवं लाईजनिंग हेतु पटवारी शंकर विश्वकर्मा की ड्यूटी लगाई गई है।

कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आदेशित किया है कि अपनी आवश्यकतानुसार अन्य अतिरिक्त राजस्व निरीक्षकों एवं पटवारी को अपने सर्वे दल में समाहित कर सकते हैं। वहीं एसडीएम बिजावर संबंधित दलों को उनके ग्राम के प्राप्त दावा एवं आपत्ति पैकेज हेतु प्राप्त आवेदन व अन्य संबंधित दस्तावेज प्रदाय करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही सभी सहायक प्रभारी अधिकारी ग्राम मे दल के साथ उपस्थित रहकर जांच एवं सुनवाई में पूर्ण सहयोग करेंगे और तैयार किए गए प्रतिवेदन पर हस्ताक्षर करना सुनिश्चित करेंगे।

# रीवा के होनहारों का जलवा कायम,12वीं में आदित्य प्रदेश में द्वितीय, 10वीं में श्रुति-श्रद्धा ने टॉप-10 में बनाई जगह, कई छात्रों ने मेरिट सूची में दर्ज कराया नाम





**रीवा।** मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा बुधवार को कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल स्थित सीएम हाउस में आयोजित कार्यक्रम में रिजल्ट जारी किया। इस वर्ष का परीक्षा परिणाम बीते 16 वर्षों में सबसे बेहतर रहा, जिसमें एक बार फिर छात्राओं का दबदबा देखने को मिला। वहीं रीवा जिले के मेधावी छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश की मेरिट सूची में अपना स्थान दर्ज कराया और जिले का नाम गौरवान्वित किया। रीवा जिले के पनवार निवासी कक्षा 12वीं के छात्र आदित्य चतुर्वेदी ने 500 में से 488 अंक (97.6 प्रतिशत) प्राप्त कर प्रदेश में द्वितीय स्थान हासिल किया है। आदित्य शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्र हैं। उनके पिता सत्यनारायण चतुर्वेदी किसान होने के साथ ही गांव में कोचिंग संचालित करते हैं, जबकि माता मंजू चतुर्वेदी गृहिणी हैं। सामान्य परिवार से आने वाले आदित्य ने अपनी मेहनत और अनुशासन के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरुजनों को देते हुए कहा कि वे आगे चलकर सिविल सर्विसेस की तैयारी कर देश सेवा करना चाहते हैं।10वीं में श्रुति पाण्डेय और श्रद्धा मिश्रा का शानदार प्रदर्शनकक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में भी रीवा की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। नेहरू नगर निवासी श्रुति पाण्डेय ने 500 में 496 अंक प्राप्त कर प्रदेश की मेरिट सूची में चौथा स्थान हासिल किया। श्रुति के पिता दिनेश पाण्डेय शासकीय शिक्षक हैं, जबकि माता अर्चना पाण्डेय गृहिणी हैं। श्रुति ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता एवं शिक्षकों को देते हुए बताया कि नियमित पढ़ाई, समय पर होमवर्क पूरा करना और निरंतर अभ्यास ही उनकी सफलता का मूल मंत्र रहा। उन्होंने बताया कि आगे चलकर वे बायोलॉजी विषय लेकर नीट परीक्षा की तैयारी करना चाहती हैं। इसी तरह इटौरा बायपास स्थित नोबल एकेडमी स्कूल की छात्रा श्रद्धा मिश्रा ने 496 अंक (99.2 प्रतिशत) प्राप्त कर प्रदेश की मेरिट सूची में चौथा स्थान हासिल किया। वहीं इसी विद्यालय के छात्र श्रीराम मिश्रा ने 98.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रदेश में नौवां स्थान प्राप्त किया।12वीं के विभिन्न संकायों में भी रीवा के छात्र टॉप-10 मेंकक्षा 12वीं के परिणाम में भी रीवा के कई छात्रों ने विभिन्न संकायों में टॉप-10 में स्थान बनाया, रूद्र मिश्रा – 482 अंक (8वां स्थान),अदिति सिंह – 482 अंक (8वां स्थान),कनिष्क तोमर – 482 अंक (8वां स्थान),प्रकाश तिवारी – 488 अंक (5वां स्थान, गणित),देवेश पाण्डेय – 486 अंक (5वां स्थान),उमा सोनी – 485 अंक (8वां स्थान),सानिया गुप्ता – 488 अंक (3रा स्थान, कॉमर्स),अनुष्का शर्मा – 483 अंक (8वां स्थान),स्तुति सिंह – 483 अंक (8वां स्थान),प्रियांसी सिंह – 489 अंक (3रा स्थान, बायो),10वीं में भी रीवा के छात्रों ने बनाई मेरिट सूची में जगहदसवीं बोर्ड परीक्षा में भी रीवा के 12 विद्यार्थियों ने प्रदेश की टॉप-10 सूची में स्थान बनाकर जिले को गौरवान्वित किया। श्रुति पाण्डेय – 496 अंक (चौथा स्थान)श्रद्धा मिश्रा – 496 अंक (चौथा स्थान)श्रेया पाण्डेय – 495 अंक (पांचवां स्थान)आयुषी तिवारी – 494 अंक (छठवां स्थान) वर्तिका पाठक – 494 अंक (छठवां स्थान) अनामिका तिवारी – 494 अंक (छठवां स्थान) आयुष सिंह – 492 अंक (आठवां स्थान) सीता मिश्रा – 492 अंक (आठवां स्थान) शिवम गौतम – 492 अंक (आठवां स्थान) आयुष केशरवानी – 492 अंक (आठवां स्थान)साक्षी चतुर्वेदी – 492 अंक (आठवां स्थान) नम्रता पटेल – 491 अंक (नौवां स्थान)बेटियों का दबदबा, जिले में जश्न का माहौलइस वर्ष भी बेटियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही रीवा जिले में खुशी की लहर दौड़ गई। अभिभावक, शिक्षक एवं विद्यालय प्रबंधन अपने छात्रों की सफलता पर गर्व महसूस कर रहे हैं।रीवा के इन होनहार छात्रों ने यह साबित कर दिया है कि कड़ी मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण से सफलता प्राप्त की जा सकती है। बोर्ड परीक्षा की प्रावीण्य सूची में संभाग के 108 छात्रों ने बनाया स्थान,कमिश्नर ने दी बधाईमध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा संचालित हाई स्कूल/हायर सेकण्डरी परीक्षा 2026 के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिये गये। कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद के मार्गदर्शन में संभागान्तर्गत रीवा, सतना, एवं सीधी के हाई स्कूल एवं हायर सेण्डरी के परीक्षा परिणाम में गत वर्ष की तुलना में वृद्धि दर्ज की गई। कमिश्नर के मार्गदर्शन में संचालित आपरेशन निखार के सफल क्रियान्वयन से प्रदेश की मेरिट सूची में 108 छात्र-छात्राओं ने स्थान प्राप्त किया गया। गत वर्ष संभाग के 66 छात्र-छात्राओं द्वारा प्रादेशिक मेरिट सूची में स्थान बनाया गया था। आपरेशन निखार का उद्देश्य शैक्षणिक गुणवत्ता में वृद्धि एवं प्रदेश की प्रावीण्य सूची में संभाग की अधिक से अधिक सहभागिता थी। जिसमें संभागान्तर्गत विभाग के कर्मचारियों ने कमिश्नर के मार्गदर्शन में यह उपलब्धि हासिल की। कमिश्नर बीएस जामोद ने प्रादेशिक प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने वाले सभी छात्र-छात्राओं, उनके पालकों एवं शैक्षणिक स्टाफ को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



## कलेक्टर द्वारा विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षणअनुपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों के वेतन काटने के दिये निर्देश



**रीवा ।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया तथा अनुपस्थित पाये गये अधिकारियों, कर्मचारियों का वेतन काटने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने उद्यानिकी, कृषि एवं शिक्षा विभाग के जिला कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण कर कार्यालयीन व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली। उद्यान विभाग कार्यालय के आकस्मिक निरीक्षण में अनुपस्थित श्रीमती प्रशस्ति पाण्डेय, बृजराज सिंह एवं मानेन्द्र कुशवाहा का एक दिन का वेतन काटे जाने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिये गये। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में अनुपस्थित लिपिक सुभाष शुक्ला का एक दिन का वेतन तथा उप संचालक कृषि कार्यालय में सुनील कुमार शुक्ला का 2 दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिये। शिल्पी प्लाजा ए ब्लाक के निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई न होने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की तथा संचालित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि साफ-सफाई की व्यवस्था दुरूस्त करायें। सभी कार्यालय अपने-अपने कारीडोर की सफाई रखें। उन्होंने स्पष्ट किया कि आगामी भ्रमण में गंदगी पाये जाने पर संबंधितों के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। कलेक्टर सूर्यवंशी ने सभी कार्यालय प्रमुखों को निर्देशित किया कि कार्यालयीन शत-प्रतिशत कार्य ई आफिस के माध्यम से किया जाना सुनिश्चित करायें। कोई भी फाइल या पत्र ई फाईल के बिना क्रियान्वित न हो। उन्होंने अधिकारियों, कर्मचारियों को आगाह किया कि नियत समय पर कार्यालय में उपस्थित रहें। ऑनलाइन उपस्थिति के उपरांत संधारित रजिस्टर में भी उपस्थिति दर्ज करें। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में आकस्मिक निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाये गये अधिकारियों, कर्मचारियों के विरूद्ध निलंबन की कार्यवाही की जायेगी।

## कमिश्नर बंगला से ढेकहा तिराहे तक 700 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा फ्लाइओवर



**रीवा ।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय, भोपाल में रीवा जिले में लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत प्रस्तावित सड़क एवं आधारभूत संरचना विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सभी प्रस्तावों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र अंतिम रूप देकर टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ की जाए, ताकि विकास कार्य समयबद्ध रूप से शुरू हो सकें। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने रीवा में कमिश्नर बंगला से ढेकहा तिराहे तक 700 करोड़ रुपए की लागत से प्रस्तावित फ्लाइओवर निर्माण कार्य पर विशेष चर्चा की। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि यह फ्लाइओवर वर्तमान यातायात दबाव को कम करने के साथ-साथ भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए आधुनिक एवं दूरदर्शी ट्रैफिक मैनेजमेंट प्रणाली विकसित करेगा। इसके निर्माण से शहर में सुगम एवं व्यवस्थित आवागमन सुनिश्चित होगा तथा यातायात बाधाओं में उल्लेखनीय कमी आएगी। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने लक्ष्मण बाग से कुठुलिया मार्ग में बिछिया नदी पर प्रस्तावित पुल निर्माण कार्य की भी समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि कुठुलिया मार्ग का विकास लक्ष्मणबाग सहित संस्कृत विश्वविद्यालय तक सहज एवं सुगम पहुंच का मार्ग प्रशस्त करेगा। इससे विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्थानीय नागरिकों को आवागमन में विशेष सुविधा प्राप्त होगी। उन्होंने रिवर फ्रंट के सौंदर्यीकरण कार्य को भी परियोजना में शामिल करने के निर्देश दिए। बैठक में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने प्रस्तावित परियोजनाओं की प्रगति एवं कार्ययोजना की जानकारी प्रस्तुत की।

## जनगणना 2027 में पहली बार स्व-गणना की सुविधा, नागरिक स्वयं कर सकेंगे अपनी गणना

**रीवा ।** जनगणना 2027 के अंतर्गत इस बार नागरिकों को पहली बार स्व-गणना की सुविधा प्रदान की गई है। इसके माध्यम से नागरिक स्वयं ऑनलाइन अपनी जानकारी दर्ज कर अपनी जनगणना कर सकेंगे। स्व-गणना की प्रक्रिया 16 अप्रैल 2026 से 30 अप्रैल 2026 तक उपलब्ध रहेगी। इस अवधि में नागरिक निर्धारित पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन प्रश्नावली भर सकते हैं और अपनी जानकारी स्वयं दर्ज कर सकते हैं। यह पहल जनगणना प्रक्रिया को अधिक सरल, पारदर्शी एवं तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे नागरिकों की भागीदारी भी बढ़ेगी और डेटा संकलन की प्रक्रिया अधिक सुगम होगी। प्रशासन द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस सुविधा का अधिक से अधिक उपयोग करें और जनगणना कार्य में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें।



## रोजगार मेले में 307 युवाओं को मिला रोजगार, युवाओं ने बढ़-चढ़ कर की भागीदारी

**रीवा ।** युवा संगम कार्यक्रम के तहत शिक्षण संस्थाओं में रोजगार मेलों का प्रतिमाह आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के मार्गदर्शन में संभागीय जे.एन.सी.टी. कॉलेज रतहरा में वृहद रोजगार मेला आयोजित किया गया। मेले में 510 आवेदकों ने पंजीयन कराया। मेले में शामिल 19 कंपनियों ने 307 युवाओं का चयन किया। उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में ब्रोक्स इंडिया प्रा.लि. झागड़िया में 6, ओत्सुका फार्मास्युटिकल इंडिया प्रा.लि. अहमदाबाद गुजरात में 12, सिन्टेक्स इंडस्ट्रीज लि. जाफराबाद गुजरात में 15, जेके टायर्स मुरैना में 22, बंसल वायर इन्डस्ट्रीज लि. ग्रेटर नोयडा में 6, आमधनी प्रा.लि. एमआरएफ टायर्स दहेज गुजरात में 5, आमधनी प्रा. लि. आपोलो टायर्स लि. बड़ोदा गुजरात में एक, आमधनी प्रा. लि. सोलर प्लांट अहमदाबाद बाबला गुजरात में 11, आमधनी बजाज आटो लिमि. पुणे महाराष्ट्र में 14, प्रभा बायोप्लांट्स प्रा.लि. रीवा में 24, कास्टएनएक्स प्रा. लि. इंदौर में 8, आयसर ट्रक एण्ड बस पीथमपुर धार में 11, एचडीएफसी लाईफ इश्योरेन्स कम्पनी लिमिटेड रीवा में 39, प्रगतिशील बायोटेक प्रा. लि. रीवा में 13, संजीव आटो प्रा. लि. वालुज महाराष्ट्र में 3, धूत ट्रासंमिशन प्रा. लि. औरंगाबाद में 14, सीआईआई एमसीसी इंदौर में 38, एसबीआई लाइफ एश्योरेंस रीवा में 45 तथा बजाज लाइफ इंश्योरेस प्रा. लि. रीवा में 20 युवाओं का चयन किया गया। रोजगार मेले के सफल आयोजन में जिला रोजगार कार्यालय, जेएनसीटी के प्राचार्य मिहिर पाण्डेय सहित संभागीय आईटीआई तथा जिला एवं व्यापार उद्योग केन्द्र के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## दुकान के बदले दुकान की मांग पर उग्र हुआ अमहिया आंदोलन



### छठे दिवस आंदोलनकारी व्यापारियों ने पैदल मार्च निकालकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**रीवा।** शहर के अमहिया मार्ग में प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के विरोध में व्यापारियों का आंदोलन लगातार उग्र होता जा रहा है। छठे दिन बुधवार को अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे व्यापारियों ने आक्रोश जताते हुए पैदल मार्च निकाला और एसडीएम कार्यालय का घेराव कर दिया। इस दौरान व्यापारियों ने शासन-प्रशासन और प्रदेश के उपमुख्यमंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।बताया जा रहा है कि अमहिया मार्ग के चौड़ीकरण के तहत सिरमौर चौराहे से अस्पताल चौराहे तक करीब 200 मकान और दुकानों को चिन्हित किया गया है, जिन्हें हटाने की तैयारी प्रशासन द्वारा की जा रही है। इसी के विरोध में प्रभावित व्यापारी पिछले छह दिनों से धरने पर बैठे हैं। बुधवार को व्यापारियों ने धरना स्थल से एसडीएम कार्यालय तक पैदल मार्च किया। प्रदर्शन के दौरान प्रशासनिक व्यवस्था को देखते हुए कार्यालय परिसर के बाहर पुलिस बल तैनात किया गया, जिससे किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके। प्रदर्शन कर रहे व्यापारियों का कहना है कि विकास के नाम पर उनकी रोजी-रोटी छीनी जा रही है, जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उनका आरोप है कि बिना उचित पुनर्वास योजना और संवाद के प्रशासन एकतरफा कार्रवाई कर रहा है।व्यापारियों ने ज्ञापन सौंपते हुए "दुकान के बदले दुकान" की मांग प्रमुखता से उठाई। उन्होंने कहा कि जिन व्यापारियों को विस्थापित किया जा रहा है, उन्हें उसी क्षेत्र या उसके आसपास व्यावसायिक परिसर में पक्की दुकान आवंटित की जाए, ताकि उनका रोजगार प्रभावित न हो। इसके अलावा उन्होंने सर्वे प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करने, व्यापारियों को विश्वास में लेने तथा किसी भी प्रकार की तोड़फोड़ की कार्रवाई तत्काल रोकने की मांग की है।आंदोलनकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि 48 घंटे के भीतर शासन या जिला प्रशासन की ओर से कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन और अधिक उग्र रूप लेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में रीवा बंद और व्यापक चक्काजाम किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

## वेंकट चौराहे पर पान मसाला दुकान में सेंधमारी, 80 हजार नकद समेत सामान चोरी, पीछे की दीवार तोड़कर घुसे चोर, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात



**रीवा।** शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत वेंकट चौराहे के समीप बीती रात अज्ञात चोरों ने एक पान मसाला दुकान में सेंधमारी कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर दुकान के पीछे की दीवार तोड़कर अंदर घुसे और नगदी सहित सामान लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुष्पराज नगर निवासी ध्रुव अग्रवाल वेंकट चौराहे के पास एसके पान मसाला नाम से दुकान संचालित करते हैं। उन्होंने बताया कि रोज की तरह वह रात करीब 9 बजे दुकान बंद कर घर चले गए थे। सुबह लगभग 10:30 बजे जब वे दुकान पहुंचे तो देखा कि दुकान के पीछे की दीवार टूटी हुई थी। अंदर जाकर देखा तो दुकान में रखा सामान बिखरा पड़ा था और नगदी गायब थी। ध्रुव अग्रवाल के अनुसार, अज्ञात चोर करीब 80 हजार रुपए नकद के साथ पान मसाला और अन्य सामान चोरी कर ले गए हैं। घटना के बाद उन्होंने तत्काल सिटी कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई।मामले में अहम बात यह है कि दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में चोरी की पूरी वारदात कैद हो गई है। फुटेज में कुछ संदिग्ध युवक चोरी करते हुए नजर आ रहे हैं, जिसके आधार पर पुलिस उनकी पहचान करने का प्रयास कर रही है।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने मौके का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से पूछताछ की। साथ ही सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि जल्द से जल्द आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जा सके।

## लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड की बैठक 21 अप्रैल को

**रीवा ।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी की अध्यक्षता में लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड की बैठक 21 अप्रैल को आयोजित की गयी है। बाणसागर सभागार में सुबह 11 बजे से आयोजित बैठक में एमएसएमई उद्योगों के संवर्धन, विकास नीति एवं योजना के क्रियान्वयन पर चर्चा की जायेगी। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र जेपी तिवारी ने बोर्ड के सदस्यों से बैठक में उपस्थिति की अपेक्षा की है।

## जिले में नियम विरुद्ध बोरिंग के कारोबारी सक्रिय प्रतिबंध के बाद भी धड़ल्ले से चल रही बोरिंग मशीनें

**अवैध बोरवेल खनन कारोबारी पुलिस थाना परिसर में लगाते हैं चक्कर, सांठगांठ से चल रहा अवैध कारोबार**



**मऊगंज।** जिले में भी भीषण जल संकट के कारण प्रशासन द्वारा निजी बोरवेल खनन पर प्रतिबंध लगाए गए हैं, इस आशय के आदेश दिए गए हैं कि बिना अनुमति के बोरवेल उत्खनन नहीं किया जा सकता, बावजूद जिले में अवैध रूप से बोरिंग मशीनें धड़ल्ले से चल रही है। प्रशासन की सख्ती के दावों के बीच रात दिन की जा रही अवैध बोरिंग के कारण भूजल स्तर पर और अधिक दबाव बढ़ रहा है जिसके कारण अब अधिकतर क्षेत्र का भू जल स्तर 150 फीट से भी नीचे गिर चुका है, लेकिन जिला प्रशासन के आदेश का पालन स्थानीय स्तर पर उस तरह से नहीं हो पा रहा है, वास्तव में जिस तरह से होना चाहिए। बढ़ते जल संकट और जल स्त्रोतों के गिरते जलस्तर के कारण जिला प्रशासन द्वारा वर्तमान समय में प्राइवेट नलकूप खनन में पूर्ण रूपेण प्रतिबंध लगाया गया है। और यह भी आदेशित किया गया है कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग राजस्व विभाग सहित पुलिस अमला नलकूप खनन जैसे कार्य में प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करें,लेकिन जमीनी हकीकत देखी जाए तो जिले के जिला मुख्यालय तहसील क्षेत्र सहित हनुमना नईगढ़ी देवतालाब क्षेत्र में नियम कायदों को दरकिनार कर खुलेआम नलकूप खनन का कार्य खुलेआम हो रहा है। इस संबंध में स्थानीय जिम्मेदारों का कहना है कि क्षेत्र में बिना अनुमति के बोरिंग मशीन नहीं चल रही हैं, उधर बोरवेल कराने वाले किसानो की माने तो बोरिंग मशीन संचालक पुलिस एवं अन्य अधिकारियों के नाम पर 5000 हजार रूपए लेते हैं और नलकूप उत्खनन कर देते हैं। यदि किसानों की बातें सही है तो शायद इसी चंद्र कमाई के लिए स्थानीय जिम्मेदार अवैध उत्खनन में लगी बोरिंग मशीनों पर कार्यवाही करने के बजाय मशीन संचालकों को समय निहित कर बताते हैं कि अमुक समय में फला स्थान में बोरिंग की खुदाई करना। स्थानीय पुलिस द्वारा मिल रहे सहयोग के कारण बोरिंग मशीन संचालक दिन में तो यहां वहां अपनी बोरिंग मशीनें खड़ी करके रखते हैं और शाम ढलते ही चिन्हित स्थानों पर कमीशन के दम पर खुलेआम अवैध रूप से बोरिंग खनन कार्य में मशगूल हो जाते है।कमीशन पर छूट,न मिलने पर होती है धर पकड़क्षेत्र में प्रतिबंध के बाद भी चल रहे अवैध हैंडपंप खनन कार्य की स्थिति कुछ इस कदर है कि बोरिंग मशीन संचालक और स्थानीय कुछ जिम्मेदारों के बीच चल रहे सांठगांठ से ही हैंडपंपों की खुदाई संभव होती है ।जिसका कारण होता है कि संबंधी बोरिंग मशीन संचालक और पुलिस के बीच प्रति हैंडपंप के हिसाब से अनुबंध निहित होता है ।और इसी के चलते किसी भी वक्त प्रतिबंध के बाद भी हैंडपंपों की खुदाई अनवरत जारी है। वहीं यदि कोई परेशान व्यक्ति जो कमीशन देने की स्थिति में नहीं होता यदि उसके द्वारा पेयजल के लिए हैंडपंप की खुदाई कराई जाती है तो पुलिस महकमा रोक लगाने के लिए खड़ा होता है। इस तरह के हो रहे कार्य से जहां जनता में आक्रोश है वहीं प्रशासनिक अधिकारियों को भी स्थानीय पुलिस धोखे में रखकर अपना कमाई रूपी उल्लू सीधा करने में लगी हुई है।किसानों को भुगतना पड़ रहा है खामियाजाजल संकट को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा एक निश्चित समय के लिए बोरिंग उत्खनन पर लगाए गए प्रतिबंध के बाद बोरिंग मशीन संचालकों द्वारा खनन का रेट बढ़ा दिया गया है। तथाकथित चल रहे सिस्टम के कारण सामान्य व्यक्ति को निजी बोरिंग कराने में 5 से 7000 हजार रुपए अधिक खर्च करने पड़ रहे हैं। अवैध नलकूप उत्खनन स्थानीय कुछ जिम्मेदारों के लिए कमाई का जरिया बन चुका है और गरीब तपके के किसानों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। क्षेत्र के किसानों ने कहा कि हम गरीबों को हफ्ते 15 दिन दौड़ के बाद भी अनुमति नहीं मिल पाती जिसके कारण मजबूरी में अधिक राशि देकर बोरिंग करानी पड़ती है। किसानों ने कहा अन्य मौसम में खेतों तक बोरिंग मशीन नहीं पहुंच पाती, गर्मी का सीजन ही ऐसा होता है जब कटाई के बाद खेतों तक आसानी से बोरिंग मशीन पहुंच जाती है और इसी बीच प्रशासन स्तर पर 4 महीने के लिए निजी बोरिंग खनन पर प्रतिबंध लगा दिया जाता है जिसके कारण नियम के तहत बोरवेल उत्खनन संभव नहीं हो पाता अंततः मजबूरी में दलालों के माध्यम से अधिक राशि का भुगतान कर अपने खेतों में बोरवेल कराने पड़ रहे हैं। किसानों ने कहा प्रशासनिक आदेश का कड़ाई से पालन कराया जाए साथ ही किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए खेतों में बोरिंग कराने हेतु सरलता के साथ अनुमति प्रदान की जाए जिससे दलालों के बीच चल रहे खेल के कारण लूटखसोट का शिकार हो रहा अन्नदाता अपनी मसानुसार खेती किसानी के उद्देश्य से अपने खेतों में बोरिंग करा सके जिससे खेती जैसे पारंपरिक व्यवसाय को बढ़ावा मिल सके।बरौही गांव में अवैध खनन पर प्रशासन का डंडा, बिना अनुमति चल रही बोरिंग मशीन जब्त हनुमना तहसील के अंतर्गत बरौही गांव मे बीती रात प्रशासनिक टीम ने दबिश देकर अवैध रूप से बोरिंग कर रही एक मशीन को जब्त करने की कार्रवाई की है।मिली जानकारी के अनुसार, बरौही गांव में 'साईं शक्ति बोरिंग मशीन' द्वारा बिना किसी वैधानिक अनुमति (परमिशन) के बोरिंग का कार्य किया जा रहा था। प्रशासन को मुखबिर से सूचना मिली थी कि शासन के नियमों को ताक पर रखकर रात के समय चोरी-छिपे उत्खनन किया जा रहा है। बोरिंग के लिए अनिवार्य अनुमति प्रमाण पत्र का अभाव मे कार्रवाई कर मशीन को मौके पर जब्त कर आगामी वैधानिक कार्यवाही हेतु पुलिस अभिरक्षा/थाना परिसर में खड़ा कराया गया है।

## न्यायाधीश की उपस्थिति में ग्लोबल एकेडमी में विधि साक्षरता दिवस का हुआ आयोजन





**मऊगंज।** ग्लोबल एकेडमी सी0बी0एस0ई0 स्कूल बहुती में विधि साक्षरता दिवस न्यायाधीश सुश्री ओ0सी0 जैन की गरिमामयी उपस्थिति में उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में कानूनी जागरूकता विकसित करना तथा उन्हे उनके अधिकारों एवं कतव्यों के प्रति सजग बनाना था। इस अवसर पर माननीय न्यायाधीश ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुये विधिक साक्षरता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होने सरल भाषा में कानून की मूलभूत जानकारी दी तथा विद्यार्थियों को अनुशासन, जिम्मेदारी एवं न्याय के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में विद्यालय के संचालक नारायण मिश्रा, प्राचार्य अविनाश तिवारी, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं की सक्रिय भागीदारी रही। विद्यार्थियों के लिये विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किये गये जिसमें उन्हे उनके अधिकारों, कर्तव्यों एवं कानूनी सहायता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। अतः में विद्यालय परिवार की ओर से माननीय न्यायाधीश सहित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया तथा सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद देते हुये कार्यक्रम का समापन किया गया।